>

Title: Need to take effective steps to look into the work being carried out under MANREGA in the country and check alleged irregularities.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): महोदया, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना में फर्जी काम दिखाकर लगभग 98 लाख रुपये का गोलमाल कर लिया गया है और जांच में प्रथम दृष्टया इसकी पुष्टि भी की जा चुकी है। यह संत करीम नगर में हुआ। मनरेगा के लेखा रिकार्ड से साठ चैक गायब हैं। बिना किसी बजट के करीब 36 लाख रुपये का चैक अलग से काट दिया गया है। जांच टीम की रिपोर्ट के हिसाब से 98 लाख का गोलमाल किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक बैंक स्टेटमैंट में कुल 31 चैकों के जरिए 33 लाख 1632 रुपये का नकद भुगतान किया गया है। लेकिन ब्लाक के ग्रांट रजिस्टर पार्ट-टू एवं चैक जारी रजिस्टर में इसका विवरण दर्ज नहीं है। इसी क्रम में 31 जनवरी, 2010 से 30 मार्च, 2010 की अवधि के बीच 65 लाख 9626 रुपये ब्लाक के अभिलेख में दर्ज है।...(व्यवधान) लेकिन बैंक के खाते में नहीं है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आवले जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री जयवंत गंगाराम आवले : मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। जांच टीम में इन चैकों की सौदेबाजी की आशंका व्यक्त की गयी है।

महोदया, ये गंभीर अनियमितताएं हैं। देश भर में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण करने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए। अब तक की गयी तमाम ऐसी व्यवस्थाओं के बावजूद भी इस तरह की अनियमितताएं पाना बड़ा गंभीर विषय है। इसे दुरुस्त करना चाहिए, ऐसी मेरी मांग है।